
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

26 जुलाई 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**शिक्षा एक मजबूत और समृद्ध समाज की नींव है।**

छत्रपति साहू महाराज

( समाज सुधारक )

जन्म : 26 जुलाई 1874 मृत्यु : 10 मई 1922



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई




कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ, और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। 26 जुलाई 1999 का वो दिन भारतीय सेना के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। इसी दिन भारत ने दुनिया के सबसे मुश्किल युद्धों मे से एक कारगिर युद्ध में जीत हासिल की थी। 1999 में कारगिल-द्रास सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों से भारतीय क्षेत्रों को वापस लेने के लिए भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया गया था। कारगिल युद्ध में सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान को याद करने के लिए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कारगिल युद्ध 1999 में हुआ था, जब पाकिस्तानी सेना और कश्मीरी आतंकवादियों को कारगिल की चोटी पर पाया गया था।




**छत्रपति साहू महाराज** *Chhatrapati Shahu Maharaj*, जन्म- 26 जुलाई, 1874; मृत्यु- 10 मई, 1922, मुम्बई) को भारत में सच्चे प्रजातंत्रवादी और समाज सुधारक के रूप में जाना जाता था। वे कोल्हापुर के इतिहास में एक अमूल्य मणि के रूप में आज भी प्रसिद्ध हैं। छत्रपति साहू महाराज ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी।

# ECO CLUBS For Mission LiFE

राकेश कुमार





## माह अगस्त

## विषय

## सतत खाद्य प्रणाली एवं जैव विविधता

### विषय परिचय

**समस्या**

पेड़ों की कटाई और वन क्षेत्र में कमी से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण बढ़ रहा है।

**आवश्यकता**

वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करना।



### विद्यालय स्तर पर सुझाई गई गतिविधियां

1. स्कूल परिसर में पौधारोपण अभियान।
2. पोषण वाटिका या औषधीय वाटिका बनाना।
3. एक पेड़ एक छात्र अभियान ( प्रत्येक छात्र को एक पौधा गोद लेना ) ।
4. जैव विविधता पर आधारित पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता।
5. वृक्षों की देखभाल और उनकी वृद्धि की निगरानी करना।
6. खाने की बर्बादी को कम करना।

### समुदाय स्तर पर सुझाई गई गतिविधियां

1. गाँव के खाली स्थानों पर पौधारोपण करना।
2. पौधारोपण के लिए सामूहिक प्रयास करना और गांववासियों को जोड़ना।
3. स्थानीय वनस्पति और जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाना।



# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: July 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 05.07.2025 | बाढ़ से बचाव हेतु कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास साथ ही जल-जमाव से परेशानियाँ एवं उसके निदान |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 12.07.2025 | डूबने से बचाव की जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 19.07.2025 | हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, आस-पास की साफ सफाई, कचरा प्रबंधन की जानकारी एवं अभ्यास |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 26.07.2025 | वज्रपात से बचाव की जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी
## शैक्षणिक सत्र
## 2025 – 26

### थीम

| | |
|---|---|
| 31 मई | पढेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम |
| 28 जून | उपस्थिति और सरकारी योजनाएं |
| 26 जुलाई | व्यावसायिक कौशल और स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण |
| 30 अगस्त | खेलो और सीखो |
| 27 सितंबर | निपुण बनेगा बिहार हमारा |
| 29 नवंबर | हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा |
| 24 दिसम्बर | हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा |
| 31 जनवरी | हम और आप मिल कर करेंगे बच्चों का समग्र विकास |
| 28 फरवरी | परीक्षा की तैयारी हमारी जिम्मेदारी |

राकेश कुमार

# TOB खेल कॉर्नर



## इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बैटर्स

| बैटर्स | मैच | पारियां | रन | एवरेज | 100/50 |
|---|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 17 | 30 | 1575 | 54.31 | 4/8 |
| राहुल द्रविड़ | 13 | 23 | 1376 | 68.8 | 6/4 |
| सुनील गावस्कर | 16 | 28 | 1152 | 41.14 | 2/8 |
| विराट कोहली | 17 | 33 | 1096 | 33.21 | 2/5 |
| केएल राहुल | 13 | 25 | 1004 | 41.83 | 4/2 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **26.07.2025**

## व्यावहारिक कौशल

व्यवहारिक कौशल (**Behavioral Skills**) वे योग्यताएँ और क्षमताएँ हैं जो व्यक्तियों को दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने, सहयोग करने और काम करने में मदद करती हैं. ये कौशल, जिन्हें "सॉफ्ट स्किल्स" या "सामाजिक-भावनात्मक कौशल" भी कहा जाता है, कार्यस्थल और व्यक्तिगत जीवन दोनों में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**लद्दाख के निम्मो गांव में बच्चों की पढ़ाई किताबों से नहीं ज़िंदगी से होती है। यहां क्लास 2 तक कोई फॉर्मल परीक्षा नहीं ली जाती है। इस अनोखे मॉडल का नाम है 'Village as a School'**


26 जुलाई
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कारगिल विजय दिवस
युद्ध में शहीद हुए सभी भारतीय जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya